आकाशवाणी श्री विजयपुरम

08.10.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – डिजिटल कनेक्टिविटी देश में प्रत्येक नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है।
- भारतीय वायुसेना आज अपना तिरानब्बेवां स्थापना दिवस मना रही है।
- उद्योग विभाग प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और अन्य सरकारी योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा।
- अंडमान निकोबार फुटबॉल संघ संतोष ट्रॉफी 2025–26 के लिए चयन ट्रायल का आयोजन करेगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में डिजिटल कनेक्टिविटी अब कोई विलासिता नहीं है, बल्कि सभी के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के नौवें संस्करण का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। श्री मोदी ने देश के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह निवेश, नवाचार और मेक इन इंडिया का सबसे अच्छा समय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने हाल ही में स्वदेशी, 4–जी स्टैक लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत दुनिया के उन पांच देशों में शामिल हो गया है जिनके पास यह क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस केवल मोबाइल और दूरसंचार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कुछ ही वर्षों में एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच बन गया है।

इस अवसर पर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत, अब दुनिया का डिजिटल ध्वजवाहक बन गया है। उन्होंने कहा कि देश की दूरसंचार क्रांति फोर–डी– डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिजिटल फर्स्ट और डिलीवरी पर आधारित है। श्री सिंधिया ने कहा कि देश के निन्यानब्बे दशमलव नौ प्रतिशत जिले अब फाइव–जी से जुड़ चुके हैं।

<><><><><><><><>

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। इसकी शुरूआत 22 सितंबर से हुई थी। जीएसटी सुधार से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

<><><><><><><><>

भारतीय वायुसेना आज अपना तिरानबेवां स्थापना दिवस मना रही है। भारतीय वायुसेना विश्व की विशालतम वायुसेना में से एक है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने वायुसेना के जांबाज योद्धाओं और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में देश की सेवा में अनुकरणीय साहस, प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट सेवा के लिए वायुसेना की सराहना की। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और कई अन्य सफल सैन्य अभियान, वायुसेना के अमूल्य योगदान के प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में वायुसेना को वीरता, अनुशासन और सटीकता की प्रतिमूर्ति बताया। वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने आज कहा कि भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है। वायुसेना प्रमुख गाजियाबाद स्थित हिंडन एयर बेस पर वायुसेना दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे।

<><><><><><><><>

उद्योग विभाग की ओर से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा अन्य सरकारी प्रायोजित योजनाओं के तहत "जागरूकता–सह–प्रेरणात्मक कार्यक्रम" का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह के अंत से विभिन्न स्थानों पर आयोजित होगा। इसका उद्देश्य बेरोजगार लोगों को स्व–रोजगार के अवसरों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवेदन करने, आवश्यक दस्तावेज तैयार करने और ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला उद्योग केंद्र ने शहीद द्वीप के सभी बेरोजगार लोगों से अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला उद्योग केंद्र, मिडल पॉइंट से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र, श्री विजय पुरम की ओर से हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह हाल ही में आकाशवाणी के सम्मलेन कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी और दूरदर्शन के क्लस्टर प्रमुख, उप महानिदेशक सी सुब्बा राव मुख्य अतिथि थे। उपस्थिति को संबोधित करते हुए उन्होंने हिंदी को न केवल राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया बल्कि आधुनिक कार्यालयीन प्रक्रियाओं में भी इसके विस्तार को ज़रूरी

बताया। समारोह में प्रशासन की सेवा निवृत सहायक निदेशक डॉ रशीदा इक़बाल तथा रेडियो एवं रंगमंच से जुड़े रंगकर्मी शेख फारूख आलम सम्मानीय अतिथि थे। उन्होंने द्वीपों में बोली जाने वाली हिंदी पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के सहायक निदेशक दीपक चन्द्र तिवारी ने आधिकारिक कार्यों में राजभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख मीना प्रकाश, अधिकारीगण तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल संघ द्वारा उन्यासीवां सीनियर पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप संतोष ट्रॉफी 2025–26 के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। चयन ट्रायल 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से नेताजी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी जो इस चयन ट्रायल में भाग लेना चाहते हैं, उन्हें अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिए□ान में पंजीकरण कराना आवश्यक है। खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

वायरलेस संचार नेटवर्क के संचालन तथा रखरखाव पर चाथम आरा मिल में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य वन संरक्षक डॉ. अनिल कुमार ने प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। इस प्र□िाक्षण में द्वीपसमूह के पर्यावरण एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण पूरे द्वीपसमूह में वायरलेस संचार के निर्बाध संचालन को बनाए रखने में मदद करेगा। यह न केवल वानिकी संचालन और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि राष्ट्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्र□िाक्षण में पैंतीस कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><><>